मेल करना है

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स,भोपाल

क्रमांक-बोर्ड/प्रशासन/ 605

भोपाल, दिनांक 19/07/2023

प्रति,

1. संयुक्त संचालक/उप संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय .... (समस्त)

2. कार्यपालन यंत्री
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
तकनीकी संभाग .... (समस्त)

3. भारसाधक अधिकारी/सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति .... (समस्त)
जिला ....

विषय:-मण्डी बोर्ड/कृषि उपज मण्डियों में साफ-सफाई मरम्मत रंगाई, पुताई हेतु विशेष अभियान चलाने बावत्।

आंचलिक अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, तकनीकी संभाग, मण्डी सचिव तथा शाखा प्रभारी अपने दायित्व, विषय व अधिकार क्षेत्रान्तर्गत कार्यालयों और शाखाओं का तत्काल निरीक्षण करें और निम्नानुसार प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें :-

1. विषय से संबंधित आवश्यक नस्तियां सूचीबद्ध करें एवं उन्हें सुनियोजित तरीके से संधारित करें।

2. अनुपयोगी नस्तियों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध कर लेवे।

3. उपयोगी फाइले/आवश्यक अभिलेखों को संधारित करने हेतु स्थान व अलमारी आदि को दुरूस्त कराने हेतु कार्यवाही करें तथा प्रस्ताव देवे।

9

4. शाखा के फर्नीचर, फिक्चर, बिजली यंत्र, उपकरण, वायर, प्रसाधन आदि जो भी ठीक नहीं हो को दुरूस्त करावें तथा उक्त की सूची अविलंब प्रशासन व निर्माण शाखा को सौंपे तथा उनका निराकरण करावें।

5. कहीं भी कोई कचरा, कंडम सामान, अनुपयोगी वस्तु आपके कार्य स्थल पर हो, अविलम्ब उसे ठीक करने या हटाने के लिये प्रशासन या निर्माण/मेंटेनेंस को सूचना देवे।

6. कार्यालय/कक्ष के ए.सी., पंखे, कूलर आदि बिजली के उपकरण आपके कक्ष में उपस्थित रहने पर ही चलाए जावे। कक्ष से बाहर जाते समय बिजली के बल्ब, ट्यूबलाइट, ए.सी., पंखे आदि उपकरण अनिवार्यतः बंद कराना सुनिश्चित करें।

आपके कर्तव्य दायित्व के कार्यवाही कार्यों के अनुपालन के साथ-साथ उपरोक्तानुसार बिन्दुओं की भी निरंतर समीक्षा की जावेगी व उदासीनता बरतने पर कार्यवाही करना होगी।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

(गौतम सिंह)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल